पत्र सूचना शाखा
**(मुख्यमंत्री सूचना परिसर)**
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0

## मुख्यमंत्री एवं विदेश मंत्री की संयुक्त प्रेस वार्ता

## मुख्यमंत्री ने विश्व की प्राचीनतम नगरी काशी में 15वें प्रवासी भारतीय दिवस के आयोजन के लिए प्रधानमंत्री एवं विदेश मंत्री का आभार जताया

## राज्य सरकार की वाराणसी में प्रवासी भारतीय दिवस के आयोजन की पूरी तैयारी : मुख्यमंत्री

## काशी 'अतिथि देवो भवः' की भावना के साथ प्रवासी भारतीयों के स्वागत के लिए तत्पर

## यह आयोजन प्रदेश की अपार सम्भावनाओं को वैश्विक पटल पर प्रस्तुत करने का सुअवसर

## प्रवासी अतिथियों को काशी घाटों और मन्दिरों के दर्शन हेतु क्रूज़ की व्यवस्था

## 15वें प्रवासी भारतीय दिवस के लिए विगत प्रवासी भारतीय दिवसों से दो से ढाई गुना ज्यादा रजिस्ट्रेशन : विदेश मंत्री

## 22 जनवरी, 2019 को प्रधानमंत्री द्वारा 15वें प्रवासी भारतीय दिवस का उद्घाटन किया जाएगा

## 23 जनवरी, 2019 को राष्ट्रपति द्वारा प्रवासी भारतीय दिवस के समापन अवसर पर 30 प्रवासी भारतीयों को सम्मानित किया जाएगा

## प्रवासी भारतीय दिवस के मुख्य अतिथि मॉरीशस के प्रधानमंत्री श्री प्रवीण जगन्नाथ होंगे

## प्रवासी भारतीयों का प्रयागराज कुम्भ–2019 तथा गणतंत्र दिवस समारोह में सम्मिलित होना, 15वें प्रवासी भारतीय दिवस के दो नये आकर्षण

**लखनऊ : 16 जनवरी, 2019**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने विश्व की प्राचीनतम नगरी काशी में 15वें प्रवासी भारतीय दिवस के आयोजन के लिए प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी एवं विदेश मंत्री श्रीमती सुषमा स्वराज का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि राज्य सरकार की वाराणसी में प्रवासी भारतीय दिवस के आयोजन की पूरी तैयारी है। काशी 'अतिथि देवो भवः' की भावना के साथ प्रवासी भारतीयों के स्वागत के लिए तत्पर है।

मुख्यमंत्री जी आज यहां विदेश मंत्री श्रीमती सुषमा स्वराज के साथ एक संयुक्त प्रेस वार्ता को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि 15वें प्रवासी भारतीय दिवस में सम्मिलित होने वाले अतिथियों के लिए यह आयोजन एक अभूतपूर्व अवसर होगा। ऐसा पहली बार होगा कि प्रवासी भारतीय दिवस के अतिथियों को धर्म और अध्यात्म की नगरी काशी और प्रयागराज कुम्भ–2019 के माध्यम से भारत की प्राचीन परम्परा और गौरवशाली संस्कृति के साथ ही, गणतंत्र दिवस के मौके पर समृद्ध और खुशहाल भारत से रूबरू होने का अवसर प्राप्त होगा।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि 21 से 23 जनवरी, 2019 तक आयोजित हो रहे 15वें प्रवासी भारतीय दिवस में विभिन्न देशों के प्रवासी भारतीय सम्मिलित होने के लिए उत्सुक हैं। इसके लिए अभी तक 5,802 रजिस्ट्रेशन किये जा चुके हैं। यह आयोजन उत्तर प्रदेश के लिए अपनी अपार सम्भावनाओं को वैश्विक पटल पर प्रस्तुत करने का सुअवसर होगा। प्रवासी भारतीय दिवस के पहले दिन 21 जनवरी, 2019 को उत्तर प्रदेश से जुड़े प्रवासी भारतीयों के लिए उत्तर प्रदेश प्रवासी भारतीय दिवस आयोजित किया गया है। इसके लिए लगभग 1,000 प्रवासियों ने रजिस्ट्रेशन कराया है। यह आयोजन प्रदेश से जुड़े प्रवासी भारतीयों के लिए राज्य सरकार द्वारा प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों में निवेश आदि के लिए तैयार किये गये अवसरों से जुड़ने एवं राज्य सरकार द्वारा प्रवासी भारतीयों के अनुभवों का लाभ लेने में सहायक होगा।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि प्रदेश सरकार ने प्रवासी भारतीयों के ठहरने के लिए काशी आतिथ्य, टेण्ट सिटी और होटलों की तीन प्रकार की व्यवस्था की है। काशी आतिथ्य की व्यवस्था प्रधानमंत्री जी की मंशा के अनुरूप की गयी है। इसके अन्तर्गत इच्छुक काशी वासियों के घरों में प्रवासी भारतीयों को ठहराने की व्यवस्था है। प्रवासी भारतीय दिवस के दौरान प्रवासी भारतीयों के काशी भ्रमण एवं काशी की परम्परा और संस्कृति से जुड़ने के लिए सांस्कृतिक कार्यक्रम भी रखे गये हैं। प्रवासी अतिथियों को काशी के घाटों और मन्दिरों के दर्शन हेतु क्रूज़ की व्यवस्था भी की गयी है। प्रवासी भारतीय दिवस के व्यापक प्रचार–प्रसार के लिए विगत 6 महीनों से अनेक कार्यक्रमों का आयोजन भी किया गया है।

प्रेस वार्ता को सम्बोधित करते हुए विदेश मंत्री श्रीमती सुषमा स्वराज ने प्रवासी भारतीय दिवस की पृष्ठभूमि से अवगत कराते हुए कहा कि इसका शुभारम्भ वर्ष 2003 में श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी जी के प्रधानमंत्रित्व कार्यकाल में किया गया था। वर्ष 2015 से इसका आयोजन प्रत्येक दो वर्षों में होता है तथा बीच के अन्तराल में विभिन्न विषयों पर विचार गोष्ठियां आयोजित की जाती हैं, जिनके निष्कर्षों पर प्रवासी भारतीय दिवस सम्मेलन में विस्तृत चर्चा होती है। वर्ष 2018 में 7 विषयों पर विचार गोष्ठियां आयोजित की गयी हैं।

विदेश मंत्री ने कहा कि प्रवासी भारतीयों का प्रयागराज कुम्भ–2019 तथा गणतंत्र दिवस समारोह में सम्मिलित होना, 15वें प्रवासी भारतीय दिवस के दो नये आकर्षण हैं। इस प्रवासी भारतीय दिवस के लिए विगत प्रवासी भारतीय दिवसों से दो से ढाई गुना ज्यादा रजिस्ट्रेशन हुए हैं। पूर्व के आयोजनों में एक देश से 100 से अधिक प्रतिभागी सम्मिलित नहीं होते थे। इस बार कुछ देशों से 4–4 सौ प्रतिभागी हिस्सा ले रहे हैं। पूर्व में प्रवासी भारतीय दिवस दो दिन का होता था अब यह तीन दिवसीय हो गया है। इसके प्रथम दिन युवा प्रवासी भारतीय दिवस आयोजित किया जा रहा है। यह आयोजन वस्तुतः 2–3 सौ वर्ष पूर्व भारत से चले गये युवा भारतवंशियों को देश की परम्परा और संस्कृति से परिचित कराने के लिए है। इसी दिन उत्तर प्रदेश प्रवासी भारतीय दिवस का भी आयोजन होगा।

विदेश मंत्री ने कहा कि 22 जनवरी, 2019 को प्रधानमंत्री जी द्वारा 15वें प्रवासी भारतीय दिवस का उद्घाटन किया जाएगा। 23 जनवरी, 2019 को राष्ट्रपति जी द्वारा प्रवासी भारतीय दिवस का समापन होगा। समापन अवसर पर 30 प्रवासी भारतीयों को उनकी उपलब्धियों और योगदान के लिए सम्मानित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रवासी भारतीय दिवस के मुख्य अतिथि मॉरीशस के प्रधानमंत्री श्री प्रवीण जगन्नाथ होंगे। युवा प्रवासी भारतीय दिवस के लिए नार्वे के सांसद श्री हिमांशु गुलाटी एवं न्यूज़ीलैण्ड के सांसद श्री चरणजीत सिंह बख्शी विशिष्ट अतिथि होंगे। 22 जनवरी, 2019 की शाम को सांसद तथा प्रख्यात अभिनेत्री और नृत्यांगना श्रीमती हेमा मालिनी द्वारा गंगावतरण विषय पर नृत्य नाटिका भी प्रस्तुत की जाएगी।

———————

***PN-CM-Joint PC with FM on PBD-16 January, 2019***